# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, वन प्रभाग सीतापुर।

**पत्रांक** 5882 / 141 **दिनांक, सीतापुर** 04-06- **2022**

**सेवा में,**

अधिशासी अभियन्ता,
एन0एच0 डिवीजन, पी0डब्लू0डी
कानपुर

**विषयः–** **Request for joint site verification for tree valuation of proposed alignment of sitapur to kurain via pratap Nagar road NH-330D from Ch. 0.000 to Ch.40.000.।**

**सन्दर्भः–** **अधिशासी अभियन्ता, एन0एच0 डिवीजन, पी0डब्लू0डी कानपुर का पत्रांक 367/29सी दिनांक 16.06.2021, पत्रांक 369/29सी दिनांक 24.05.2022, इस कार्यालय का पत्रांक 5168/14–1 दिनांक 21.06.2021, पत्रांक 236/14–1 दिनांक 16.07.2021, पत्रांक 3683/14–1 दिनांक 25.01.2022, पत्रांक 4439/14–1 दिनांक 04.03.2022, पत्रांक 4730/14–1 दिनांक 26.03.2022, पत्रांक 5229/14–1 दिनांक 02.05.2022।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा विषयगत मार्ग के चौडीकरण में बाधक वृक्षों की प्रजातिवार, व्यासवार संयुक्त गण्ना कार्य व प्रभावित वन भूमि का आकलन किये जाने हेतु क्षेत्रीय वनाधिकारी सीतापुर मो0 नं0 9838857333, क्षेत्रीय वनाधिकारी मिश्रिख 8318044172 को संयुक्त गणना रिपोर्ट इस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। लगभग 08 माह का समय व्यतीत हो जाने के पश्चत भी बाधक वृक्षों की संयुक्त गणना रिपोर्ट इस कार्यालय में अप्राप्त हैं। प्रश्नगत प्रकरण आपके स्तर पर लम्बित है।

अतः उपरोक्तानुंसार सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि वन विभाग के साथ मार्ग चौडीकरण से प्रभावित संरक्षित वन भूमि का आंकलन व बाधक वृक्षों की प्रजातिवार, व्यासवार संयुक्त गणना कार्य हेतु क्षेत्रीय वनाधिकारी सीतापुर व मिश्रिख से व्यक्तिगत सम्पर्क कर संयुक्त गणना रिर्पोट इस कार्यालय को उपलब्ध करायें, ताकि *अग्रिम कार्यवाही की जा सके।*

**भवदीय**

**(बृजमोहन शुक्ला)**
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
सीतापुर

**पत्रांक** 5882/ **उक्तदिनांकित।**

**प्रतिलिपिः**–उप प्रभागीय वनाधिकारी सीतापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय वनाधिकारी सीतापुर व मिश्रिख को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रस्तावक विभाग के अधिकृत प्रतिनिधि के साथ संयुक्त निरीक्षण कार्य पूर्ण कर बाधक वृक्षों की गणना रिपोर्ट निम्न प्रारूप में तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रकरण अत्यन्त ही महत्वपूर्ण/समयबद्व है अतः किसी प्रकार का विलम्ब न किया जायेः–

| S.No | Scientific Name | Local Name | (0-30) cm | (31-60) cm | (61-90) cm | (91-120) cm | (121-150) cm | (>150)cm |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

क्षतिपूरक वनीकरण हेतु मार्ग चौडीकरण से प्रभावित वन भूमि के बदले दो गुना क्षेत्रफल में रिक्त अवनत वन भूमि जो प्रबन्धकीय दृष्टिकोण से उपयुक्त हो, की सूचना जी0पी0एस0 रीडिंग पॉलीगॉन सहित।

**(बृजमोहन शुक्ला)**
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग
सीतापुर